प्रेषक,

**अपर मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**मुख्य** चिकित्साधिकारी,
जनपद– कानपुर, उत्तर प्रदेश।

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / SS visit / कानपुर नगर / 01 / 2023–24 /** 2850 दिनांकः 14-08-2024

**विषय–सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

अवगत कराना है कि कार्यालय पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / एनएच0एम0 / एम0एण्डई0 / 2024–25 / 18 / 1627–2 दिनांक 21.06.2024 के माध्यम से प्रदत्त दिशा–निर्देशों के कम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा यू0पी0 हेल्थ डैशबोर्ड में न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले जनपद कानपुर नगर में दिनांक 27 से 29 जून 2024 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।

पर्यवेक्षण के दौरान पायी गयी कमियों को भ्रमण रिपोर्ट में अंकित कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि पायी गयी कमियों का तत्काल निरारकरण कराते हुये अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को आगामी 07 कार्यदिवसों में अवगत कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्न–यथोक्त**

भवदीय,
9/8/24
(धीरेन्द्र सिंह सचान)
**अपर मिशन निदेशक**

पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / **SS visit** / कानपुर नगर / 01 / 2023–24 / तद्दिनांक

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, एन0एच0एम0, कानपुर नगर, उ0प्र0।
2. समस्त महाप्रबंधक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर–मण्डल, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, कानपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबंधक एवं जनपद स्तरीय परामर्शदाता मातृ स्वास्थ्य, कानपुर, एन0एच0एम0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(डा0 अर्चना वर्मा )
**महाप्रबंधक, नियोजन**

# जनपद–कानपुर नगर की सहयोगात्मक भ्रमण आख्या
(भ्रमण अवधि– दिनांक 27 से 29 जून 2024)

राज्य स्तरीय टीम–

जनपदीय नोडल अधिकारी–डा0 अर्चना वर्मा, महाप्रबन्धक, नियोजन,
सदस्य 1 श्री प्रभाकर शाक्य, परामर्शदाता, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण,
सदस्य 2. पूजा देवी, कार्यक्रम समन्वयक, मातृ स्वास्थ्य

दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गयी इकाइयां/गतिविधियां–

1. डफरिन, जिला महिला चिकित्सालय, कानपुर।
2. एफ0आर0यू0, सी0एच0सी0, चौबेपुर एवं शिवराजपुर।
3. आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पी0एच0सी0 अनवरगंज,
4. आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपकेन्द्र, सैनिकनगर, हरजेन्द्रनगर एवं मंधना।

मिशन निदेशक महोदया, एन0एच0एम0 उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 27 से 29 जून 2024 के मध्य जनपद कानपुर नगर का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, स्वास्थ्य उपकेन्द्र तथा सामुदायिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया। भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों से अवगत कराया गया तथा चर्चा की गयी कि अप्रैल में UP Health Dashboard Indicator के अनुसार न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले 05 जनपदों में कानपुर नगर भी षामिल है। निम्नलिखित संकेतकों पर विस्तृत ब्लॉकवार समीक्षा की गयी–

**UP Health Dashboard**
**Indicator wise detail Up to April 2024**
**District - Kanpur Nagar**

| S.No. | INDICATOR | UP AVG | BEST PERF. | MONTHLY | FY |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PW Received 4 Or More ANC With Hb Testing | 86.04% | 100% | 58.44% | 58.44% |
| 2 | Institutional Delivery Rate | 47.35% | 74.68% | 44.79% | 44.79% |
| 3 | C-Section Delivery Rate(70% To CHC) | 2.29% | 16.92% | 4.82% | 4.82% |
| 4 | C-Section Delivery Rate (30% To DH) | 29.83% | 70.25% | 46.15% | 46.15% |
| 5 | Still Birth Ratio | 7.64 | 0.45 | 16.58 | 16.58 |
| 6 | Newborns Received HBNC Visits | 93.64% | 100% | 54% | 54% |
| 7 | Ratio Of Pentavalent 3 To BCG | 1.13 | 1.86 | 1.29 | 1.29 |
| 8 | Full Immunization | 71.50% | 100% | 67.23% | 67.23% |
| 9 | Permanent Method Accepted Per 1000 EC | 0.28 | 1.23 | 0.26 | 0.26 |
| 10 | Reversible Method Accepted Per 1000 EC | 4.48 | 14 | 3.45 | 3.45 |
| 11 | *TB Notification Rate | 99.24 | 100 | 100 | 100 |
| 12 | PW Screened For HIV | 81.57% | 100% | 82.06% | 82.06% |
| 13 | Per ASHA Incentive | 3,840.82 Rs | 5,237.64 Rs | 4,164.65 Rs | 4,164.65 Rs |
| 14 | Facilities Reported Outlier | 6.54% | 2.28% | 8.27% | 8.27% |
| 15 | Facilities Reported Non-Blank Value | 93.01% | 99.95% | 73.80% | 73.80% |

## विस्तृत भ्रमण आख्या निम्नवत है–

## जिला महिला चिकित्सालय, कानपुर नगर

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| चिकित्सालय को कायाकल्प एवं एन0क्यू0ए0एस0 अवार्ड प्रदान किया गया है। | | |
| लेबर रूम को नयी जगह में स्थानान्तरित किया गया था। लेबर रूम को प्रोटोकॉल पोस्टर, डिजीटल वॉल क्लॉक तथा अन्य सामग्री व्यवस्थित नहीं थी। ट्रायज एरिया बना हुआ था। | लेबर रूम को पूर्णतया व्यवस्थित कर फोटो सहित सूचना प्रेशित किये जाने हेतु नर्स मेण्टर को निर्देशित किया गया। | स्टाफ नर्स/नर्स मेण्टर//जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता/ मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| केस शीट पूर्णतया नहीं भरी जा रही है तथा प्रसव रजिस्टर पर आर0सी0एच0 नम्बर भी अंकित नहीं किया जा रहा है। | प्रसव रजिस्टर पर आर0सी0एच0 नम्बर का अंकन तथा केसशीट पूर्णतया भरे जाने तथा | स्टाफनर्स / नर्स मेण्टर / हॉस्पिटल मैनजर / सम्बन्धित स्टाफ / मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था ठीक थी, परन्तु चिकित्सालय के बाहर तथा बर्नवार्ड के बीच में कूडा इक्टठा किया जा रहा था। अधीक्षिका महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि मशीनीकृत साफ सफाई नियमित रूप से की जा रही है। | नियमित रूप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने तथा कूडा वहां से हटाये जाने हेतु अधिकारियों द्वारा रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया। | हॉस्पिटल मैनजर /मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका / सम्बन्धित स्टाफ |
| मानकानुसार डिलेवरी रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर नहीं भरा जा रहा था, जिसपर आर0सी0एच0 नम्बर भी अंकित नहीं था। | मानकानुसार डिलेवरी रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर, ए0एन0सी0 रजिस्टर आदि भरे जाने का सुझाव दिया गया। | नर्स मेण्टर / सम्बन्धित स्टाफ / मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| मेरा अस्पताल की आई.डी. एवं पासवर्ड को राज्य स्तर प्राप्त किया जाना है। | आई.डी. एवं पासवर्ड की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु राज्य स्तर से सम्बन्धित से संपर्क करने हेतु निर्देशित किया गया। | हॉस्पिटल मैनजर /मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| ई–कवच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं के डाटा का अंकन नहीं किया जा रहा है। | ई–कवच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं का अंकन किया जाये। | नर्स मेण्टर / हॉस्पिटल मैनजर / मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| चिकित्सालय को लक्ष्य एवं मुस्कान के प्रमाणीकरण के लिए तैयार किये जाने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी। | | हॉस्पिटल मैनजर /मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| लैब एन0ए0बी0एल0 प्रमाणित थी। तथा लैब में की जा रही समस्त जांच से सम्बन्धित यूनीवर्सल प्रोटोकॉल पोस्टर नहीं पाये गये। | लैब के बाहर यूनीवर्सल प्रोटोकॉल पोस्टर प्रदर्शित किया जाना। | हॉस्पिटल मैनजर /मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| एच0आर0पी0 रजिस्टर उपलब्ध था, परन्तु एच0आर0पी0 मैनेजमेंट एवं फॉलोअप हेतु उचित माध्यम नही है, जिससे कि महिला को ट्रैक किया जा सके तथा उसके प्रसव हेतु उचित प्रबंधन किया जा सके। | एच0आर0पी0 रजिस्टर बनाये जाने तथा नियमित फॉलोअप, प्रबंधन तथा नियमित ट्रैकिंग हेतु निदेर्षित किया गया। | नर्स मेण्टर / हॉस्पिटल मैनजर / जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता / मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| चिकित्सालय में एम0एल0सी0यू0 प्रस्तावित है। 02 संविदा मिडवाईफरी एजूकेटर सुश्री अनुपमा एवं सुश्री कमलेश कार्यरत हैं, जिनके द्वारा ए0एन0सी0 एवं पी0एन0सी0 को परामर्श, योगा सम्बन्धित सेवायें प्रदान की जा रही थीं। 01 गर्भवती महिला को टीम के सामने demonstration भी किया गया, जोकि एक अच्छा प्रयास है। | नियमित रूप से ए0एन0सी0 एवं पी0एन0सी0 हेतु योगा सम्बन्धित सेवायें प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | मिडवाइफरी एजूकेटर |
| चिकित्सालय परिसर में वाटर ड्रेनेज की सुविधा नहीं होने के कारण पानी इक्ट्ठा हो रहा था। | वाटर ड्रेनेज की सुविधा लागू किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | हॉस्पिटल मैनजर / जिला कार्यक्रम प्रबंधक /मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| जिला महिला चिकत्सालय कानपुर में संचालित SNCU का भ्रमण किया गया। इकाई 12 बेड पर संचालित है, जबकि 20 बेड के लिये प्रस्तावित है। 3 बाल रोग विशेषज्ञ एवं 10 स्टाफ नर्स कार्यरत हैं। इकाई में 6 बेड inborn तथा 3 बेड outborn हेतु निर्धारित है। इकाई में साफ–सफाई एवं इन्फेक्शन | बेड की उपलब्धता के अनुसार समुचित उपयोग किये जाने हेतु प्रयास किये जायें। | नोडल एस0एन0सी0यू0 / सम्बन्धित स्टाफ / मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| प्रिवेंशन का ध्यान रखा गया था। प्रोटोकॉल पोस्टर चस्पा थे। भ्रमण के दौरान इकाई में 4 बच्चे भर्ती थे जिसमे से एक ऑउटबॉर्न था। भर्ती बच्चो की डाटा इंट्री FBNC पोर्टल पर की जा रही है, मृत बच्चों का डाटा MPCDSR पोर्टल पर भी अंकित किया जा रहा है। | | |
| चिकित्सालय में पदोन्नत एल0ए0 को 06 माह का एल0टी0 प्रशिक्षण कराया जा रहा था, जिसका कोई प्लान एवं प्रशिक्षण मॉडयुल के अनुसार एजेण्डा उपलब्ध नहीं था। साथ ही प्रशिक्षण सत्र का भी कोई रिकार्ड नहीं पाया गया। | सम्बन्धित अभिलेखों को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | हॉस्पिटल मैनजर / जिला कार्यक्रम प्रबंधक / मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |

**एफ0आर0यू0, सी0एच0सी0, चौबेपुर, जनपद –कानपुर नगर**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | जनपद स्तर से कार्यवाही एवं दायित्व |
|---|---|---|
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गयी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने व रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक / नोडल अधिकारी |
| प्रसव कक्ष में 07 ट्रे उपलब्ध थी परन्तु मानकानुसार रख रखाव नहीं पाया गया एवं डिजीटल घडी भी उपलब्ध नहीं थी। | 7 ट्रे का मानकानुसार संरक्षित करने तथा प्रसव कक्ष में डिजीटल घडी लगवाने हेतु सुझाव दिया गया। | स्टाफनर्स / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक / चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव कक्ष में रखे हुए कलर कोडेड डस्टबिन यथा स्थान पर नहीं रखा हुआ था एवं प्रोटोकाल पोस्टर चस्पा नहीं है। | यथा स्थान पर रखवाया गया प्रोटोकाल पोस्टर को यथा स्थान पर चस्पा करना। | स्टाफनर्स / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक / चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट नहीं किया जा रहा है एवं केसशीट पूर्णतया नहीं भरी जा रही है तथा केसशीट पर आर0सी0एच0 नम्बर का अंकन भी नहीं किया जा रहा है। | प्रसव पंजीकरण तत्काल अपडेट करना तथा केसशीट पर आर0सी0एच0 नम्बर का शतप्रतिशत अंकन किया जाना। | स्टाफनर्स / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक / चिकित्सा अधीक्षक |
| ऑक्सीटोसिन उपलब्ध नहीं था, ऑक्सीटोसिन की उपलब्धता सुनिष्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। | फार्मासिस्ट को आवश्यकतानुसार ससमय इन्डेंट देकर जिले से ऑक्सीटोसिन की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देषित किया गया। | फार्मासिस्ट एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| ट्रायज एरिया में पंखा नहीं लगा हुआ था, जिसे ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया। | टूटी हुयी खिडकी ठीक कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव कक्ष में मैकेन्टॉस शीट एवं मैट्रस बहुत खराब स्थिति में पाये गये। | मैकेन्टॉस शीट एवं मैट्रस बदलवाने हेतु निर्देशित किया गया। | स्टाफनर्स / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक / चिकित्सा |
| ब्लाक स्तरीय सर्पोटिव सुपरविजन प्लान उपलब्ध नहीं था। | सर्पोटिव सुपरविजन प्लान बनाकर सम्बन्धित् अधिकारियों द्वारा भ्रमण किये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक / बी0सी0पी0एम0 |
| जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत प्रदान की जा रही सेवाओं के अनुसार भोजन पंजिका में लाभार्थी को डिस्चार्ज किये जाने का दिनांक व समय अंकित नहीं किया जा रहा है। | लाभार्थी को 48 घन्टे तक रोकने तथा डिस्चार्ज का दिनांक व समय भोजन पंजिका में अंकित करने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक / चिकित्सा अधीक्षक |

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | जनपद स्तर से कार्यवाही एवं दायित्व |
| --- | --- | --- |
| जे0एस0एस0के0 डाईट के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन का साईन बोर्ड पी0एन0सी0 वार्ड पर नहीं पाया गया। | दिशा निर्देश के अनुसार जे0एस0एस0के0 डाईट के अन्तर्गत लाभार्थियों गुणवत्तापूर्ण भोजन दिए जाने तथा साप्ताहिक रूप से डाइट रजिस्टर को चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सीन कराये जाने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक / चिकित्सा अधीक्षक |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फालोअप के रिकार्ड सही प्रकार से मेण्टेन नहीं किये जा रहे हैं। फालोअप की वास्तविक तिथि का अंकन कई जगह नहीं भरा था। | पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फालोअप का फालोअप की वास्तविक तिथि का अंकन किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ / चिकित्सा अधीक्ष |
| स्टोर में औषधियों का अभिलेखीकरण उचित नहीं पाया गया साथ ही औषधियों का रख–रखाव मानकानुसार नहीं पाया गया। | फार्मासिस्ट को समस्त अभिलेखों के पूर्ण व्यवस्थित करने तथा औषधियों के रख रखाव को व्यवस्थित करने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित फार्मासिस्ट / चिकित्सा अधीक्षक |
| लैब में जांचें मानकानुसार नहीं की जा रही थीं। साथ ही यूनीवर्सल प्रोटोकॉल पोस्टर नहीं पाये गये। | लैब में मानकानुसार जांचें एवं आई0ई0सी0 प्रदर्शन किया जाना। | सम्बन्धित लैब टैक्नीशियन / चिकित्सा अधीक्षक |
| समस्त ए0एन0एम0 को ई–कवच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं की दी जाने वाली समस्त सेवाओं का अंकन नहीं किया जा रहा है। | गर्भवती महिलाओं की दी जाने वाली समस्त सेवाओं के अंकन हेतु समस्त ए0एन0एम0 को निर्देशित किया गया। | बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 / चिकित्सा अधीक्षक |
| आर0बी0एस0के0 की टीम–1 में डा0 राहुल, डा0 अन्जू एवं सुश्री साधना तथा टीम–2 में डा0 पूनम, डा0 रंजना एवं सुश्री नेहा सदस्य उपस्थित थे। टीम द्वारा अवगत कराया गया कि उनके पास डेन्टल हेतु आवष्यक उपकरण नहीं हैं। दोनों ही टीम को उपलब्ध कराये लैपटॉप खराब हो गये हैं, जिससे उन्हें रिर्पोटिंग में कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। | डेन्टल हेतु आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये जाने तथा लैपटॉप ठीक कराये जाने का सुझाव दिया गया। | डी0ई0आई0सी0 मैनेजर / सम्बन्धित स्टाफ / चिकित्सा अधीक्षक |
| एच0आर0पी0 का चिन्हीकरण किया जा रहा था, परन्तु एच0आर0पी0 सील नहीं लगायी जा रही थी तथा | एच0आर0पी0 के चिन्हीकरण तथा प्रबंधन एवं सील लगाये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक / चिकित्सा अधीक्षक |
| सी0एच0सी0 में मातृ एवं बाल मृत्यु समीक्षा बैठक नहीं की जा रही है न ही MPCDSR पोर्टल पर बाल मृत्यु का अंकन किया जा रहा है। | मातृ मृत्यु समीक्षा के साथ ही बाल मृत्यु समीक्षा की नियमित बैठक किये जाने एवं पोर्टल पर नियमित अंकन किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक / चिकित्सा अधीक्षक / HEO |

## एफ0आर0यू0, सी0एच0सी0, शिवराजपुर, जनपद –कानपुर नगर

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | जनपद स्तर से कार्यवाही एवं दायित्व |
| --- | --- | --- |
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने व रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया। | नोडल अधिकारी / चिकित्सा अधीक्षक |

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपकेन्द्र, सैनिक नगर, कानपुर नगर।**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| उपकेन्द्र में डा. सी0एच0ओ0 उपस्थित थी तथा उपकेन्द्र पर 08 आशा एवं 01 ए0एन0एम0 कार्यरत हैं। उपकेन्द्र पर अपेक्षित 14 में 10 टेस्ट ही करे जा रहे थें। उपकेन्द्र परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था ठीक थी। सी0एच0ओ0 द्वारा लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की जा रही थी, समस्त का ऑन–लाईन पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। | शीघ्रातिशीघ्र केसशीट उपलब्ध कराये जाने तथा शतप्रतिशत लाभार्थियों का ऑन–लाइन पंजीकरण हेतु निर्देशित किया गया। | सम्बन्धित ए0एन0एम0 / सी0एच0ओ0 / चिकित्सा अधिकारी / अरबन हेल्थ कोऑर्डिनेटर |

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपकेन्द्र, बगदौदी खेरा, ब्लॉक कल्याणपुर, कानपुर नगर।**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| उपकेन्द्र में सी0एच0ओ0 उपस्थित थी तथा उपकेन्द्र पर 03 आशा एवं 01 ए0एन0एम0 कार्यरत हैं। उपकेन्द्र पर अपेक्षित सभी टेस्ट नहीं किये जा रहे थें। उपकेन्द्र परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था ठीक थी। सी0एच0ओ0 द्वारा लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की जा रही थी, समस्त का ऑन–लाईन पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। लाभार्थियों का फॉलोअप नहीं किया जा रहा थी। ए0एन0एम0 द्वारा कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही थी। | शीघ्रातिशीघ्र केसशीट उपलब्ध कराये जाने तथा शतप्रतिशत लाभार्थियों का ऑन–लाइन पंजीकरण एवं फॉलोअप हेतु कहा गया। ए0एन0एम0 को आवष्यक सेवाओं हेतु उन्मुखीकरण कराये जाने हेतु बी0सी0पी0एम0 को निर्देषित किया गयाा। | सम्बन्धित ए0एन0एम0 / सी0एच0ओ0 / बी0सी0पी0एम0 / ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षक |

**अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद–कानपुर नगर के साथ जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक**

मिशन निदेशक महोदया, एन0एच0एम0 उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा द्वारा **उपरोक्त बिंदुओं पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद कानपुर नगर से वार्ता की गयी तथा उन्हें भ्रमण के दौरान प्रकाश में आई कमियों / सुधारात्मक कार्यवाही से अवगत कराया गया।** मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद कानपुर नगर द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शीघ्रातिशीघ्र सुधारात्मक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0सी0एच0, जनपदीय नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता, एन0सी0डी0 काउन्सलर, जिला अरबन हेल्थ कॉर्डिनेटर एवं डी0आई0सी0 मैनेजर आदि उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों से भ्रमण के दौरान प्रकाश में आई कमियों / सुधारात्मक कार्यवाही पर चर्चा की गयी तथा आपरेशनल गाइडलाइन्स फॉर फाइनेन्शिलय मैनेजमेंट में दिये गये निर्देशों के अनुसार लेखाभिलेखों को तैयार कराये तथा मैनुअल का जनपद एवं अधीनस्थ इकाईयों द्वारा पूर्णतः पालन किये जाने पर जोर दिया गया। बैठक में चर्चा के मुख्य बिन्दु निम्नवत है–राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमो की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा–

- बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ मदवार व्यय विवरण के माध्यम से वर्ष 2024–25 में जनपद को प्राप्त कुल धनराशि की मद वार एवं पूर्व वर्ष की कमिट धनराशि की मद वार व्यय विवरण की अध्यतन स्थिति पर समीक्षा की गयी जिसमें जनपद को वर्ष 2024–25 हेतु विभिन्न कार्यक्रमो में मदवार भुगतान करने हेतु सुनिश्चित किया गया। जनपद को प्रत्येक मदो में प्राप्त धनराशि का भौतिक उपलब्धि के सापेक्ष वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए भौतिक उपलब्धि के सापेक्ष शत–प्रतिशत भुगतान हेतु निर्णय लिया गया।
- जनपद स्तर पर सर्पोटिव सुपर विजन सभी अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा किया जाए। भ्रमण के दौरान सम्बन्धित चेक लिस्ट को भरा जाए एवं जो गैप निकले उसमें सुधार किया जाए। भ्रमण पश्चात सभी अधिकारी / कर्मचारी अपना भ्रमण आख्या अपने उच्च अधिकारियों को प्रेषित करें।
- समस्त बी0सी0पी0एम0, को निर्देशित किया जाये कि रोगी कल्याण समिति के रजिस्टरो, वी0एच0एस0एन0सी0, का रिकार्ड, अन्टाइड का रिकार्ड / बैठक / कार्यवृत्ति को अपडेट रखेगें तथा नियमानुसार एच0बी0एन0सी0 व वी0एच0एन0डी0 कार्यक्रमो का अनुश्रवण करेगें एवं समस्त ब्लाक लेखा प्रबन्धक अपने समस्त लेखा / वित्तीय रिकार्ड को अपडेट रखेंगे।

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | जनपद स्तर से कार्यवाही एवं दायित्व |
|---|---|---|
| प्रसव कक्ष में 07 ट्रे उपलब्ध थी परन्तु मानकानुसार रख रखाव नहीं था। प्रसव कक्ष में डिजीटल घडी उपलब्ध नहीं थी। | 7 ट्रे का मानकानुसार संरक्षित करने तथा प्रसव कक्ष में डिजीटल घडी लगवाने हेतु सुझाव दिया गया। | स्टाफनर्स/ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक/चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव कक्ष में रखे हुए कलर कोडेड डस्टबिन यथा स्थान पर नहीं था एवं प्रोटोकाल पोस्टर भी चस्पा नहीं थे। | प्रोटोकाल पोस्टर को यथा स्थान पर चस्पा करना। | स्टाफनर्स/ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक/चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट नहीं किया जा रहा है तथा केसशीट पूर्णतया नहीं भरी जा रही है तथा केसषीट पर आर0सी0एच0 नम्बर का अंकन नहीं किया जा रहा है। | प्रसव पंजीकरण तत्काल अपडेट करना। | स्टाफनर्स/ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक/चिकित्सा अधीक्षक |
| जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत प्रदान की जा रही सेवाओं के अनुसार भोजन पंजिका में लाभार्थी को डिस्चार्ज किये जाने का दिनांक व समय अंकित नहीं किया जा रहा है। | लाभार्थी को 48 घन्टे तक रोकने तथा डिस्चार्ज का दिनांक व समय भोजन पंजिका में अंकित करने का सुझाव दिया गया। | स्टाफनर्स/ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक/चिकित्सा अधीक्षक |
| जे0एस0एस0के0 डाईट के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन का साईन बोर्ड पी0एन0सी0 वार्ड नहीं लगा था। लाभार्थियों को भोजन मानकानुसार तथा समय पर नही दिया जा रहा है। | दिशा निर्देश के अनुसार जे0एस0एस0के0 डाईट के अन्तर्गत लाभार्थियों गुणवत्तापूर्ण भोजन दिए जाने तथा साप्ताहिक रूप से डाइट रजिस्टर को चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सीन कराये जाने का सुझाव दिया गया। | स्टाफनर्स/ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक/चिकित्सा अधीक्षक |
| स्टोर में औषधियों का अभिलेखीकरण उचित नहीं पाया गया साथ ही औषधियों का रख–रखाव मानकानुसार नहीं पाया गया।<br>औषधियों पर मोहर नहीं थी। साथ ही FIFO के अनुसार व्यवस्थित नहीं थी। | फार्मासिस्ट को समस्त अभिलेखों के पूर्ण व्यवस्थित करने तथा औषधियों के रख रखाव को व्यवस्थित करने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित फार्मासिस्ट/चिकित्सा अधीक्षक |
| फार्मासिस्ट को डी0वी0डी0एम0एस0 के सम्बन्ध में जानकारी नहीं थी | फार्मासिस्ट को उन्मुखीकरण की आवश्यकता है। | सम्बन्धित फार्मासिस्ट/चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय में सक्षमा के अन्तर्गत 0 से 02 माह के बच्चों की स्क्रीनिंग की जा रही थी तथा प्रत्येक बच्चे का कार्ड बनाकर नियमित फॉलोअप किया जा रहा था, जोकि एक अच्छा प्रयास है। | | |

## आयुष्यमान आरोग्य मंदिर पी0एच0सी0–अनवरगंज, कानपुर नगर।

| अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| डा0 मो0 आसिफ, प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य स्टाफ चिकित्सालय में उपस्थित थें। | | |
| चिकित्सालय परिसर में पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। परिसर की रंगाई–पुताई एवं ब्रैंडिंग करायी गयी है। | परिसर की साफ–सफाई मेण्टेन रखने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **ओशधियां एवं उपकरण** | | |
| दवाईयों एवं उपकरणों को व्यवस्थित तरीके से रखा गया था। एक भी कॉर्ड क्लैंप नहीं मिला, इस वर्ष कोई consumables प्राप्त नहीं हुए हैं।<br>50 एमएल आई0एफ0ए0 सिरप की उपलब्धता नहीं थी। | समस्त औषधियों एवं उपकरणों की उपलब्धता एवं अभिलेखों का रख–रखाव एवं भौतिक अवलोकन नियमित रुप से करते रहने हेतु सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट/सी0एच0ओ0/ प्रभारी चिकित्साधिकारी |

- समुदाय आधारित गतिविधियों यथा परिवार नियोजन, मातृ–मृत्यु समीक्षा, आशा भुगतान, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, अनटाइड फन्ड एवं प्रधान मंत्री मातृ बंदना योजना की समीक्षा एवं भौतिक उपलब्धि के सापेक्ष मानकानुसार शतप्रतिशत भुगतान हेतु निर्देश दिये गये।
- जिला लेखा प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक को जनपद की समस्त इकाइयों पर आवंटित बजट के सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा कर शतप्रतिशत भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
- ई–कवच पोर्टल पर जनपद में ए0एन0ई0एम0 द्वारा गर्भवती महिलाओं के डाटा का अंकन नहीं किया जा रहा है। इस हेतु डी0पी0एम0, डी0सी0पी0एम0 द्वारा जानकारी कर समस्त अधीनस्थ स्टाफ को ई–कवच पोर्टल का प्रशिक्षण कराना तथा शतप्रतिशत डाटा का अंकन ई–कवच पोर्टल पर सुनिश्चित किया जाए।
- UP Health Dashboard Indicator की नियमित रूप से समीक्षा की जाए तथा UP Health Dashboard Indicator में कम उपलब्धि वाले ब्लॉक को चिन्हित कर उनकी ब्लॉकवार समीक्षा कर समस्त न्यूनतम उपलब्धि वाले इंडीकेटर में शतप्रतिशत सुधार कराया जाये।
- बी0पी0एम0, बी0सी0पी0एम0 एवं एच0ई0ओ0 का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह भारत सरकार एवं राज्य स्तर से प्राप्त समस्त दिशा–निर्देशों से आशा एवं एन0एन0एम0 को क्लस्टर मीटिंग प्रशिक्षित करेगें।

**<u>भ्रमण दल द्वारा निम्नानुसार सुझाव दिये गये–</u>**

- UP Health Dashboard Indicator की नियमित समीक्षा प्रत्येक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाए। भिन्नता की भी जॉच सुधार करते हुए पोर्टल पर डाटा अपलोड कराये जाने का सुझाव दिया गया।
- भ्रमण की गई स्वास्थ्य इकाईयों के फीडबैक से अवगत कराते हुए सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने का सुझाव दिया गया।
- ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों में समस्त जानकारियों से समुदाय स्तरीय कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए उनका क्षमतावर्धन किया जाये जिससे उपलब्धि बढ़ाई जा सके।
- प्रत्येक माह सामुदायिक कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा की जाये व आगामी माह हेतु उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में निर्देशित किया जाय।
- रोगी कल्याण समिति की शासी निकाय एवं कार्यकारी समिति की बैठकें नियमित अन्तराल पर आयोजित नहीं की जा रही हैं। बैठकों का आयोजन नियमित किये जाने का सुझाव दिया गया।
- जिला के सभी पीएचसी/सीएचसी लेखा कर्मियों की ससमय में बैठक/प्रशिक्षण आयोजित की जानी चाहिए जिससे उनकी व्यवहारिक एवं कर सम्बन्धी सभी समस्याओं को दूर किया जा सके।
- कार्यवृत्त रजिस्टर सम्बन्धित बैठकों की कार्यवृत्त पंजिका नियमित रुप से अद्यावधिक भरा जाय।
- जनरेटर/वाहन लाग बुक नियमित रुप से बनाई जाय एवं सम्बन्धित अधिकारी द्वारा ससमय नियमित रुप से प्रमाणित करा कर रखा जाय।
- नियमित अन्तराल पर जनपद स्तरीय व्यय भुगतान समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाना चाहिए, जिसमें सी0एच0सी0/पी0एच0सी स्तर के सभी सम्बन्धित कर्मियों को, जो लेखा पुस्तकों के रख–रखाव के लिए मुख्य रुप से जिम्मेदार हैं, बुलाया जाय। उनकी समस्याओं का तत्काल निवारण किया जाना भी अपेक्षित है।

| | | |
|---|---|---|
| **पूजा देवी** | **प्रभाकर शाक्य** | **डा0 अर्चना वर्मा** |
| **कार्यक्रम समन्वयक, मातृ0 स्वा0** | **परामर्शदाता, एम0एण्डई0** | **महाप्रबंधक, नियोजन** |

प्रेषक,

**अपर मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्साधिकारी,**
जनपद– कानपुर, उत्तर प्रदेश।

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / SS visit / कानपुर नगर / 01 / 2023–24 /** दिनांकः 14-08-2024

**विषय–सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि कार्यालय पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / एनएच0एम0 / एम0एण्डई0 / 2024–25 / 18 / 1627–2 दिनांक 21.06.2024 के माध्यम से प्रदत्त दिशा–निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा यू0पी0 हेल्थ डैशबोर्ड में न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले जनपद कानपुर नगर में दिनांक 27 से 29 जून 2024 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।

पर्यवेक्षण के दौरान पायी गयी कमियों को भ्रमण रिपोर्ट में अंकित कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि पायी गयी कमियों का तत्काल निरारकरण कराते हुये अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को आगामी 07 कार्यदिवसों में अवगत कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्न–यथोक्त**

भवदीय,

(धीरेन्द्र सिंह सचान)
**अपर मिशन निदेशक**

पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / SS visit / कानपुर नगर / 01 / 2023–24 / 2850-5 तद्दिनांक

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, एन0एच0एम0, कानपुर नगर, उ0प्र0।
2. समस्त महाप्रबंधक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर–मण्डल, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, कानपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबंधक एवं जनपद स्तरीय परामर्शदाता मातृ स्वास्थ्य, कानपुर, एन0एच0एम0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(डा0 अर्चना वर्मा)
**महाप्रबंधक, नियोजन**